**केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई**

**स्वच्छता पखवाड़ा**

**१६ - ३१ दिसंबर २०२१**

### 16.12.2021: मुख्यालय और केंद्रों में शपथ ग्रहण और बैनर का प्रदर्शन

संस्थान के निदेशक डा. एन. पी. साहू जी ने एकत्रित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वच्छता की प्रतिज्ञा दिलाई, इसके बाद कार्यालय तथा परिसर में सफाई के महत्व पर एक संक्षिप्त चर्चा की गई। उन्होनें इस बात पे ज़ोर दिया कि निवासो और छात्रावासों में शुष्क और गीले अपशिष्टों को पृथक रखने का सिलसिला जारी रखा जाये और प्लास्टिक का प्रयोग कम से कम किया जाए। इसके अतिरिक कार्यालय की पुरानी फाइले जो अब कम की नहीं रही उनको वीड आउट करके जगह बनाई जाए। उन्होंने प्रशासनिक और वित्त विभाग अधिकारीयों को इसमें पहल लेने को कहा। संस्थान के पांच केन्द्रों के अधिकारीयों ने कर्मचारियों और छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर परिसर स्वच्छता के बैनर लगाए गए। स्वच्छता पखवाड़े के महत्व को प्रदर्शित करने वाले सूचनात्मक प्लेकार्ड और बैनर उचित स्थानों पर रखे गए थे।





### 17.12.2021: संस्थान के प्रशासनिक विभाग में सफाई अभियान का आयोजन

संस्थान के प्रशासनिक विभाग में सफाई अभियान का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व श्री. के एल. मीना (मुख्य प्रशासनिक अधिकारी), श्रीमती पूनम बहल (प्रशासनिक अधिकारी), श्री. एस. वी. कसाबे (वित्त एवं लेखा अधिकारी), श्री. दिपक भोकसे (सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी) ने किया। साथ ही सभी वर्क्स अनुभाग, खरीदारी अनुभाग, वित्त अनुभाग, लेखा परीक्षा अनुभाग के सारे कर्मचारियों ने भी इसमें अपना सहयोग दिया और अपने अपने कार्य क्षेत्र की सफाई की। कार्यालय की पुरानी फाइले जो अब काम की नहीं रही उनको वीड आउट करके जगह बनाने की प्रक्रिया आरम्भ की और सभी ने अपनी मेज़ें और आसपास की जगह साफ़ की और फाइलों का निपटारा कर के रख रखाव उचित ढंग से किया। व्यर्थ सामान को भी अलग जगह एकत्रित किया गया। अब ऑफिस का सारा कार्य ई - ऑफिस प्लेटफार्म पर किया जाता है, जिसके कारण कागज़ और प्रिंटिंग की ज़रुरत कम हो गयी है।





**18.12.2021: संस्थान के प्रयोगशाला में सफाई अभियान**

संस्थान के समस्त विभागों (मत्स्य पालन, मात्स्यिकी संसाधन हार्वेस्ट एंड पोस्ट हार्वेस्ट डिवीजन, मछली पोषण, जैव रसायन और शरीर क्रिया विज्ञान प्रभाग, मछली आनुवंशिकी और जैव प्रौद्योगिकी प्रभाग, जलीय पर्यावरण और स्वास्थ्य प्रबंधन प्रभाग) की प्रयोगशालाओं में सफाई अभियान चलाया गया इस में अनुभाग के सारे कर्मचारियों और छात्रों ने अपना सहयोग दिया। छात्रों ने अपनी मेज़ें और आसपास की जगह, रसायनों की बोतले और उपकरणों को साफ़ करके उनका रख रखाव उचित ढंग से किया। व्यर्थ सामान को भी अलग जगह एकत्रित किया गया जिससे कामकाजी जगह उपलब्ध हो पायी। उपयोग किये हुए प्लास्टिक उपकरणों को प्लास्टिक पुनरावृत्ति के लिए रखा गया। विभागाध्यक्षों के मार्गदर्शन में इस अभियान का नेतृत्व डा. टिन्सी वर्घीस, डा. जीना के., डा. किरण रसाल, डा. शामना एन, और डा. कपिल सुखदाने ने किया।









### 19.12.2021: **लड़कों के छात्रावास में सफाई अभियान (सात बंगला और यारी रोड परिसर)**

संस्थान के प्रशासनिक विभाग में सफाई अभियान का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व श्री. के एल. मीना (मुख्य प्रशासनिक अधिकारी), श्रीमती पूनम बहल (प्रशासनिक अधिकारी), श्री. एस. वी. कसाबे (वित्त एवं लेखा अधिकारी), श्री. दिपक भोकसे (सहायक वित्त एवं लेखा अधिकारी) ने किया। साथ ही सभी वर्क्स अनुभाग, खरीदारी अनुभाग, वित्त अनुभाग, लेखा परीक्षा अनुभाग के सारे कर्मचारियों ने भी इसमें अपना सहयोग दिया और अपने अपने कार्य क्षेत्र की सफाई की। कार्यालय की पुरानी फाइले जो अब काम की नहीं रही उनको वीड आउट करके जगह बनाने की प्रक्रिया आरम्भ की और सभी ने अपनी मेज़ें और आसपास की जगह साफ़ की और फाइलों का निपटारा कर के रख रखाव उचित ढंग से किया। व्यर्थ सामान को भी अलग जगह एकत्रित किया गया। अब ऑफिस का सारा कार्य ई - ऑफिस प्लेटफार्म पर किया जाता है, जिसके कारण कागज़ और प्रिंटिंग की ज़रुरत कम हो गयी है।





### 20.12.2021: **वर्सोवा लैंडिंग सेंटर पर मार्च पास्ट एवं सफाई अभियान**

संस्थान स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत वरसोवा लैंडिंग सेंटर पर मार्च पास्ट एवं सफाई अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थान के पीएचडी और मास्टर छात्रों ने भाग लिया। सबने प्रातः 07:15 बजे वर्सोवा गांव के प्रवेश द्वार से शुरुआत की और अपने बैनर, स्लोगन और पोस्टर के साथ वरसोवा लैंडिंग सेंटर तक मार्च किया। इस अभियान में 50 छात्रों ने भाग लिया। स्वच्छता मार्च के दौरान छात्रों ने हिंदी और मराठी में विभिन्न नारों के माध्यम से स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा की। सभी ने लैंडिंग सेंटर पर सफाई करके परिसर को स्वच्छ बनया। इस कार्यक्रम का संचालन डा करणकुमार रामटेके, डा. शिवाजी अरगड़े, श्री. लेनिन सिंह और डा. पवन कुमार ने किया और सभी छात्रों ने अपना योगदान दिया।





**21.12.2021: जलकृषि हैचरी / वेट लैब साफ-सफाई अभियान**

केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत संस्थान की अत्यंत ही महत्वपूर्ण जलकृषि हैचरी / वेट लैब में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें लगभग ७० छात्रों एवं वैज्ञानिकों ने भाग लिया। सबने बड़ी मेहनत और उत्साह से सूखे पत्ते, टूटी और अनुपयोगी सामाग्री, पानी का जमाव, आदि साफ़ किया। इस अभियान का नेतृत्व डा. एम. एच. चंद्रकांत, डा. सिकेंद्र कुमार, टिन्सी वर्घीस, डा. किरण रसाल ने किया। इस अभियान में सारे छात्रों ने अपने योगदान से प्रयोगशाला की सफाई में चारचांद लगा दिए।





**22.12.2021: म्युनिसिपल स्कूल में 'महासागर और जल प्रदूषण और स्वच्छता पहल' पर व्याख्यान**

स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई द्वारा वर्सोवा वेलफेयर स्कूल में आयोजित व्याख्यान में कक्षा 8 के 50 छात्रों ने 22 दिसंबर, 2021 को भाग लिया। डा. एम गोस्वामी, प्रधान वैज्ञानिक और डा पारोमिता सावंत, प्रधान वैज्ञानिक, के. मा. शि. सं, मुंबई द्वारा समुद्र और जल प्रदूषण और स्वच्छता पहल के विभिन्न पहलुओं पर व्याख्यान दिया गया। छात्रों ने व्याख्यान का आनंद लिया और सक्रिय रूप से बातचीत की। उन्होंने स्वच्छता, रखरखाव और समुद्र तटों को प्रदूषण से बचाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। वे स्वच्छता और प्रदूषण से बचने के उपायों का संदेश देंगे और उन्होंने स्वच्छता अभियान में भाग लेने और दूसरों को जागरूक करने का वादा किया।





**23.12.2021: किसान दिवस**

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 23 दिसंबर 2021 को पूर्वाह्न 11:30 बजे केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान, मुंबई में **किसान दिवस** पर जल प्रबंधन पर ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे संस्थान के सभी कर्मचारियों, छात्रों ने भाग लिया और केन्द्रो पर किसानों को भी शामिल किया गया। कार्यशाला के आरम्भ में संस्थान के निदेशक डा . एन पी .साहू ने किसान दिवस के महत्व से सबको अवगत कराया। उन्होंने जलसंरक्षण और मृदा की पौष्टिकता को कायम रखने पर ज़ोर दिया और जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु सरकार के संकल्प के बारे में सब को बताया। डा. के. के. कृष्णनी, प्रधान वैज्ञानिक द्वारा 'अपशिष्ट जल पुनर्चक्रण' (Waste water recycling) और डा. सुनील के. नायक द्वारा 'एक्वापोनिक्स एंड रीसर्क्युलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम: एक्वाकल्चर में जल बजट विकल्प' (Aquaponics and Re-circulatory Aquaculture System: Water budgeting options in aquaculture) पर व्याख्यान दिए गए। कोलकता केंद्र के प्रभारी अधिकारी, डॉ जी .एच .पाइलन ने स्थानीय कार्यक्रम के तहत शस्य श्यामला KVK, सोनारपुर दक्षिण २४ परगना, पश्चिम बंगाल में भी एक वर्कशॉप का आयोजन किया। डा. अपर्णा चौधरी, नोडल अफसर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सबको धन्यवाद दिया।











**24.12.2021: जलपान गृह और बेसमेंट में सफाई अभियान**

स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत कें. मा. शि. संस्थान के यारी रोड परिसर के जलपान गृह और तहखाने में सफाई अभियान किया गया। इस अभियान का नेतृत्व डा. के. पानी प्रसाद और डा. एम एच चंद्रकांत, श्री प्रणय बिस्वाल ने किया और जलपान गृह के कर्मचारियों ने भी इसमें भाग लिया। इस अभियान में जलपान गृह और आस पास का परिसर भी साफ़ किया।







**25.12.2021: पोस्टर और चित्रकला प्रतियोगिता**

स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत कें. मा. शि. संस्थान में छात्रों के लिए ऑनलाइन पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता और कर्मचारियों के बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पोस्टर मेकिंग के लिए १. सदाबहार क्रांति/शून्य उत्सर्जन २. प्राकृतिक खेती विषय रखे गए और चित्रकला प्रतियोगिता उम्र ११-१५ के लिए १. जलवायु परिवर्तन २. प्लास्टिक प्रदूषण, उम्र ७-१० के लिए १. स्वच्छ भारत मिशन २. प्लास्टिक प्रदूषण उम्र ७-१० के लिए १. स्वच्छ भारत मिशन २. जल संरक्षण उम्र ३-६ के लिए १. प्रकृति इस तरह थे। सभी बच्चों ने अपने चित्रों में इंद्रधनुषीय रंग बिखेर कर और पोस्टर पोस्टर में अपने विचार रख कर प्रतियोगिता को सफल बनाया। हर श्रेणी में लगभग १० प्रतिभागियों ने भाग लिया और पहले तीन को पुरस्कृत किया गया। यह प्रतियोगिता का आयोजन डा. मेघा बेडेकर, डा. विद्याश्री भारती, डा. नेहा कुरेशी, श्रीमती रेखा नायर के देखरेख में हुआ।










### 26.12.2021: महिला छात्रावास में स्वच्छता अभियान

कें. मा. शि. संस्थान के महिला छात्रावास (यारी रोड परिसर) में सफाई अभियान किया गया। इस अभियान में छात्रावास में रहने वाली सभी लड़कियां शामिल हुईं। इस अभियान में छात्राओं ने छात्रावास और उसके आस पास सफाई की और सूखे पत्ते, प्लास्टिक बोतलें और अन्य व्यर्थ सामान को एकत्रित करके कूड़ेदान में फेंका। इस सफाई अभियान का निरीक्षण डा. गायत्री त्रिपाठी और डा. एल. मंजूषा ने किया और छात्रों को प्रोत्साहित करने के साथ साथ स्वच्छता अभियान और कचरा प्रबंधन (सूखा और गीला कचरा) पर जागरूकता की सीख़ दी और सफाई में भी हाथ बटाया।





**27.12.2021: परिसर के आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान**

स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत कें. मा. शि. संस्थान के आसपास के परिसर में स्वच्छता अभियान किया गया। समन्वयको ने स्वच्छता के महत्व और कचरे को कम करने के तरीकों के बारे में सहकर्मियों को जागरूक किया। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि स्वच्छता सभी की ज़िम्मेदारी है। इस अभियान का नेतृत्व डा.एम एच चंद्रकांत और श्री. प्रणय बिस्वाल ने किया और उद्यान के कर्मचारियों ने भाग लिया।







**28.12.2021: आवासीय परिसर के निवासियों के लिए स्वच्छता पर जागरूकता अभियान**

स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत कें. मा. शि. संस्थान, मुंबई के आवासीय परिसर के निवासियों के लिए दिनांक २८ दिसंबर 2021 को सुबह 9:30 बजे स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। प्लास्टिक कचरे सहित सूखे कचरे के प्रभावी प्रसंस्करण के लिए निवासियों को घरों से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग तरीके से अलग करने के बारे में विस्तार से बताया गया। परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए आसपास के परिसर में कंपोस्टिंग यूनिट में गीले कचरे की खाद बनाने की आवश्यकता पर निवासियों और हाउसकीपिंग स्टाफ को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व डा. अन्नम पवन कुमार, डा. बबिता रानी, डा. नलिनी पुजारी, डा. भूम्मैया दसारी, डा. शशि भूषण, डा. पी. लायना, श्री राज मोड्त्रा, श्री सादिक़ मुल्ला ने किया और आवासीय परिसर के निवासियों और हाउसकीपिंग स्टाफ ने भाग लिया।







**29.12.2021: वर्सोवा समुद्र तट पर स्वच्छता अभियान**

स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत कें. मा. शि. संस्थान के कर्मचारियों और छात्रों ने वर्सोवा समुद्र तट तक मार्च किया और वहां सफाई भी की। संस्थान के निदेशक डा. एन. पी. साहू ने इस मार्च  को झंडा दिखाया। मार्च करते समय पोस्टरों और स्लोगनों ने स्वच्छता के महत्व की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया। सभी बच्चों ने वर्सोवा समुद्र तट की सफ़ाई की और कूड़ा नगरपालिका के कूड़े दानो में एकत्रित किया। इस अभियान का नेतृत्व डा. आशुतोष देव, डा. मनीष जयन्त, डा. जीना के. डा. एम. के. पठान एवं डा. किरण रसाल ने किया। एम.एफ.एस.सी. प्रथम वर्ष छात्रों ने इसमें भाग लिया।







### 30.12.2021: प्लास्टिक रीसाइक्लिंग अभियान

कें. मा. शि. संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत संस्थान के कर्मचारियों को प्लास्टिक पुनरावृत्ति के लिए प्लास्टिक जमा करने का अभियान चलाया गया। सभी कर्मचारियों को घर में निरुपयोगी प्लास्टिक को एकत्रित करके जमा करने हेतु परिपत्र निकला गया गया। कुल १४२ kg प्लास्टिक जमा हुआ जिसे पुनरावृत्ति (रीसाइक्लिंग) के लिए संपूर्ण अर्थ फाउंडेशन को दिया गया। सबसे ज्यादा प्लास्टिक जमा करने वाले कर्मचारियों को पारितोषिक दिए गए। इस अभियान का नेतृत्व डा. अपर्णा चौधरी ने किया।





### 31.12.2021: वृक्षारोपण अभियान

कें. मा. शि. संस्थान में स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत संस्थान के परिसर को हरित व आकर्षक बनाने हेतु पखवाड़े के अंतिम दिवस पर वृक्षारोपण का आयोजन किया गया और फूलों एवं फलो के पेड़ लगाए गए। डा. चंद्रकांत और श्री प्रणय बिस्वाल ने संस्थान के निदेशक डा. एन. पी. साहू एवं अन्य वैज्ञानिकों एवं अधिकारीयों से वृक्षारोपण करवाया। इसके साथ ही कोलकाता, केंद्र के परिसर मे वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इसका आयोजन केंद्र के प्रभारी डा. जी. एच. पैलन ने किया। जिसमे सभी कर्मचारियों ने भाग लिया और फूलों, फलो के पौधों का रोपण किया। संस्थान के अन्य केंद्रों पर भी प्रभारी अधिकारियों ने वृक्षारोपण किया। कुल १०० वृक्ष लगाए गए। स्वच्छता पखवाड़े के अंतिम दिवस पर निदेशक महोदय ने सभी से स्वच्छता का कार्य कायम रखने का सन्देश दिया। डा. अपर्णा चौधरी ने निदेशक और CIFE परिवार के सभी सदस्यों को अपने योगदान के लिए धन्यवाद दिया।



